# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**


**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 03.04.2020**

## THE TRIBUNE



### F'BAD VARSITY TO HOST TECH FEST ONLINE

The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, has announced to hold its annual cultural-cum-technical fest 'Elements Culmyca-2020' online as per the pre-planned schedule. Revealing this, VC Prof Dinesh Kumar said it would be held from April 9 to April 11 with the theme of 'The show must go on'. The office of the Dean Student Welfare of the university is all set to host the event on a large scale online for the first time, he added. The VC said the university had decided to distribute attractive prize money to the students. TNS

The Tribune Fri, 03 April 2020 https://epaper.tribunei

**NEWS CLIPPING: 03.04.2020**

## THE TRIBUNE

### F'BAD JC BOSE VARSITY GOES DIGITAL

The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has developed a Digital Learning Management System (DLMS) to provide its students a platform to access their study material and e-resources and enable them to interact with faculty members through live chat. Vice-Chancellor Dr Dinesh Kumar said the DLMS had been developed by the team of Digital India Cell of the university under the supervision of the chairperson of the Computer Engineering Department. He said while the pandemic has posed a big challenge, it has also given an opportunity to think out of box and create solutions to overcome this situation. TNS


The Tribune Fri, 03 April 2020
https://epaper.tribunei

**NEWS CLIPPING: 03.04.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# छात्र ई-लाइब्रेरी में पढ़ सकेंगे 10 हजार से अधिक किताबें

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**



**जेसी बोस** (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने लॉकडाउन में अपने ई-संसाधनों की प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए नए डिजिटल लाइब्रेरी पोर्टल की शुरूआत की है। दीन दयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय की तरफ से शुरू की गई ई-लाइब्रेरी छात्रों, शोधार्थियों व शिक्षकों को आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराएगी। ई-लाइब्रेरी पोर्टल को सिंगल विंडो सर्च की सुविधा के साथ विकसित किया गया है। इसमें 10 हजार से अधिक पुस्तकें मौजूद हैं।कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने यूनिवर्सिटी के केंद्रीय पुस्तकालय की पहल की सराहना करते हुए कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान युग में डिजिटल लाइब्रेरी शैक्षिक व अनुसंधान प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह छात्रों व शिक्षकों को सामान्य सूचना संसाधनों को साझा करने और व्यापक श्रेणी की सामग्रियों का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है। उन्होंने छात्रों को ई-संसाधनों का सही उपयोग करने व घर से अपना अध्ययन जारी रखने का आग्रह किया। यूनिवर्सिटी के लाइब्रेरियन डॉ. पी. एन. बाजपेयी ने बताया कि ई-लाइब्रेरी पोर्टल पर 10 हजार से अधिक पुस्तकें शामिल हैं।

**जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने नई डिजिटल लाइब्रेरी पोर्टल की शुरुआत की है**

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 03.04.2020**

## THE PIONEER

# जेसी बोस में नये डिजिटल लाइब्रेरी पोर्टल का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अपने ई-संसाधनों के पहुंच की प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए नए डिजिटल लाइब्रेरी पोर्टल की शुरूआत की है। दीन दयाल उपाध्याय केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा शुरू की गई ई-लाइब्रेरी विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों को सभी आवश्यक शिक्षण सामग्री ई-संसाधनों के माध्यम से उपलब्ध करवायेगी। ई-लाइब्रेरी पोर्टल को सिंगल विंडो सर्च की सुविधा के साथ विकसित किया गया है। इस पोर्टल का उद्देश्य सभी शिक्षण संसाधनों और प्रत्येक अन्य प्रासंगिक सामग्री ई-संसाधनों के रूप में उपयोगकर्ताओं उपलब्ध करवाकर उनके समय और प्रयासों को बचाना है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय की पहल की सराहना करते हुए कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान युग में, डिजिटल लाइब्रेरी शैक्षिक और अनुसंधान प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह विद्यार्थियों और शिक्षकों को सामान्य सूचना संसाधनों को साझा करने और व्यापक श्रेणी की सामग्रियों का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है।

### विश्वविद्यालय की ई-लाइब्रेरी पार्टल पर पांच लाख से ज्यादा ई-संसाधन उपलब्ध

उन्होंने विद्यार्थियों को ई-संसाधनों का सही उपयोग करने और घर से अपना अध्ययन जारी रखने का आग्रह किया। विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉ. पीएन बाजपेयी ने बताया कि पांच लाख से ज्यादा ई-संसाधन वाले विश्वविद्यालय के ई-लाइब्रेरी पोर्टल पर 10 हजार से अधिक पत्रिकाएं शामिल हैं। जिनमें एल्सेवियर साइंस डायरेक्ट, आईईईई, स्प्रिंगर लिंक, टेलर एंड फ्रांसिस आदि शामिल है।

**NEWS CLIPPING: 03.04.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में डिजिटल लाइब्रेरी पोर्टल शुरू

**फरीदाबाद।** कोरोना वायरस के मद्देनजर लॉकडाउन को ध्यान में रखते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में गुरुवार को डिजिटल लाइब्रेरी पोर्टल का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों को सभी आवश्यक शिक्षण सामग्री मिल सकेगी। इसे सिंगल विंडो सर्च की सुविधा के साथ तैयार किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना वर्तमान युग में डिजिटल लाइब्रेरी शैक्षिक और अनुसंधान प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लाइब्रेरियन डॉ. पीएन बाजपेयी ने बताया कि इसमें 10 हजार से अधिक पत्रिका को शामिल किया है।